# सांवरी सुरतिया पे राधा दीवानी | By Kumaar Mukesh

सांवरी सुरतिया पे राधा दीवानी हो गई
छोड़ दिया बरसाना वो ब्रिज की महारानी हो गई
सांवरी सुरतिया पे .........

तू गोकुल का रहने वाला वो बरसाने वाली है
तू है नन्द का छोरा तो वो वृषभान की छोरी है
स्वर्ग लोक से आते ही जानी पहचानी हो गई
सांवरी सुरतिया पे ...........

तेरे नाम की जपती माला तेरी धुन में रहती है
ऐसी दीवानी ना देखी दुनिया सारी कहती है
उसके ऊपर श्याम तुम्हारी मेहरबानी हो गई
सांवरी सुरतिया पे ...........

सुबह सुबह वो गोकुल आये, सांझ ढले वो जाती है
सब सखियों से झूठ बोलकर तुझसे मिलने आती है
श्याम नाम का प्याला पीके वो मस्तानी हो गई
सांवरी सुरतिया पे ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80/